2015

HINDI

(Major)

Paper : 5.1

(Hindi Ka Upanyas Sahitya)

Full Marks : 60

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×7=7

(क) भगवतीचरण वर्मा का कौन-सा उपन्यास पाप-पुण्य की समस्या को आधार बनाकर लिखा गया है?

(ख) 'पुनर्नवा' उपन्यास के रचयिता का नाम बताइए।

(ग) 'कर्मभूमि' उपन्यास का प्रकाशन-काल क्या है?

(घ) मृत्युंजय किस उपन्यास का पात्र है?

(ङ) रचनाकाल की दृष्टि से हिन्दी का प्रथम उपन्यास किसे माना जाता है?

(च) हिन्दी का उपन्यास-सम्राट किसे माना जाता है?

(छ) वृंदावन लाल वर्मा किस कोटि के उपन्यासकार हैं?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 2×4=8

(क) 'कर्मभूमि' उपन्यास के दो प्रमुख स्त्री पात्रों के नाम तथा उनकी दो-दो विशेषताएँ बताइए।

(ख) किन्हीं दो मनोविश्लेषणवादी उपन्यासकारों के नाम बताइए।

(ग) 'चित्रलेखा' उपन्यास के दो प्रमुख पुरुष पात्रों के नाम बताइए।

(घ) उपन्यास का शाब्दिक अर्थ क्या होता है?

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर दीजिए : 5×3=15

(क) मनोविश्लेषणवादी उपन्यासों की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(ख) प्रेमचंदयुगीन उपन्यासों की प्रमुख उपलब्धियों पर विचार प्रस्तुत कीजिए।

(ग) 'कर्मभूमि' उपन्यास के प्रतिपाद्य पर प्रकाश डालिए।

(घ) 'चित्रलेखा' की प्रासंगिकता क्या अब भी जीवन में है? समीक्षा कीजिए।

(ङ) 'कर्मभूमि' उपन्यास के नामकरण की सार्थकता पर प्रकाश डालिए।

4. निम्नलिखित की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10

मैं सिर्फ उस रास्ते पर जा रहा हूँ, जिधर मेरी आत्मा मुझे ले जा रही है। मैं किसी रिश्ते या दौलत को अपनी आत्मा के गले की जंजीर नहीं बना सकता। मैं उन आदमियों में नहीं हूँ, जो जिन्दगी की जंजीरों को ही जिन्दगी समझते हैं।

अथवा

किसी व्यक्ति से प्रेम होता है, तो उस स्थान पर प्रेम जन्म लेता है। संबंध होना ही उस संबंध का जन्म लेना है। वह संबंध अनंत नहीं है, कभी-न-कभी उस संबंध का अंत होगा ही। प्रेम और वासना में भेद है केवल इतना किं वासना पागलपन है, जो क्षणिक है और इसीलिए वासना पागलपन के साथ ही दूर हो जाती है; और प्रेम गंभीर है। उसका अस्तित्व शीघ्र नहीं मिटता।

5. 'चित्रलेखा' की रचना के पीछे उपन्यासकार का क्या उद्देश्य था? स्पष्ट कीजिए। 10

अथवा

अमरकांत का चरित्र-चित्रण कीजिए। 10

6. पात्र-योजना की दृष्टि से 'चित्रलेखा' उपन्यास की समीक्षा कीजिए। 10

अथवा

आंचलिक उपन्यास की परिभाषा देते हुए उसके प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 10

★★★